समाधान दिवस में शिकायत लेकर पहुंचे फरियादी

संदेश वाहक न्यूज

समाधान दिवस पर थाना एनएमपीटी में फरियाद सुनते डीएम एसपी।

श्रावस्ती। शनिवार को जनपद के सभी थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने नवीन माडर्न पुलिस थाना श्रावस्ती पर समाधान दिवस में आए हुए फरियादियों की समस्याओं को सुना। सुनवायी के दौरान डीएम एसपी को कुल दो प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस टीम को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसी प्रकार जनपद के अन्य थानों पर भी थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

जिसमें थाना गिलौला में 07, थाना इकौना में 13, थाना मल्हीपुर में 05, थाना सिरसिया में 02, थाना कोतवाली भिनगा में 16, थाना सोनवा में 14, थाना हरदत्त नगर गिरंट में 06 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए।

डीएम व एसपी ने "श्रावस्ती महोत्सव"कार्यक्रम स्थल का किया स्थलीय निरीक्षण

दायित्वों का निर्वहन कर कार्यक्रम को सफल बनायें अधिकारीगण-डीएम

जिला ब्यूरो हसमत हुसेन खाँन

श्रावस्ती | विगत वर्षो की भांति इस बार भी जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में 06 से 09 दिसम्बर, 2024 के मध्य "श्रावस्ती महोत्सव" का आयोजन कटरा श्रावस्ती स्थित चक्रभण्डार के समीप मैदान में किया जाना प्रस्तावित हुआ है। श्रावस्ती महोत्सव कार्यक्रम की तैयारी को अन्तिम रूप देने के उद्देश्य से जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर जायजा लिया तथा सभी तैयारियों को युद्धस्तर पर पूरा किये जाने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने परिसर एवं आसपास के क्षेत्र की पूरी साफ-सफाई के निर्देश देते हुए महोत्सव की अवधि में प्रकाश व्यवस्था, वाहन की पार्किंग, शौंचालय, कूड़े के निस्तारण के साथ ही अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। श्रावस्ती महोत्सव में तैयारी को लेकर अधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई है, दायित्वों का बेहतर ढंग से निर्वहन कर कार्यक्रम को सफल बनाये जाने का निर्देश दिया है।

नए जोश व उत्साह के साथ कर्तव्यपालन को प्रेरित करता है पुलिस ध्वज

झंडा दिवस पर पुलिस लाइन में मातहत को फ्लैग लगाते अधिकारी। -स्रोत: पुलिस विभाग

श्रावस्ती। पुलिस लाइन क्वार्टर गार्द में शनिवार को पुलिस अधीक्षक की ओर से पुलिस झंडा दिवस पर ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान एसपी घनश्याम चौरसिया ने कर्तव्यपालन का पाठ पढ़ाते हुए पुलिस फ्लैग लगाया। उन्होंने कहा कि पुलिस ध्वज नए जोश व उत्साह के साथ कर्तव्यपालन को प्रेरित करता है। कार्यक्रम के दौरान एसपी ने कहा कि आज का दिन उत्तर प्रदेश पुलिस के लिए ऐतिहासिक महत्व का दिन है। 23 नवंबर 1952 को प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने उत्तर प्रदेश पुलिस व पीएसी को पुलिस ध्वज प्रदान किया था। पुलिस ध्वज हम सभी के गौरवशाली अतीत का जीवंत प्रतीक है। पुलिस विभाग के प्रति निष्ठावान वीर साथियों की जन-सेवा, कर्तव्यपरायणता, पराक्रम, शौर्य तथा आत्म बलिदान की अनगिनत गाथाओं के बाद प्राप्त हुआ है। इस मौके पर एएसपी प्रवीण कुमार यादव, सीओ भिनगा संतोष कुमार, यातायात आलोक कुमार सिंह, आरआई अखिलेश कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। (संवाद)